# कुएं व हैंडपंप का पानी पीने योग्य नहीं

## नगर निगम महापौर और निगम आयुक्त के निरीक्षण के दौरान मामला आया सामने, बड़ी मात्रा में पाया गया कुएं में अम्लीय गंदा पानी

नवभारत न्यूज

**सागर 5 जनवरी. महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने निगमायुक्त राजकुमार खत्री के साथ नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थानों पर कुआं, हैंडपंप, दुकानों एवं घरों में नगर निगम द्वारा की जा रही पानी की गुणवत्ता की जांच का औचक निरीक्षण किया.**




इस दौरान बड़ा बाजार स्थित श्री राम चौक के कुआं एवं हैंडपंप का पानी जांच में पीने योग्य नहीं पाया गया, महापौर ने तत्काल लाल रंग से चेतावनी लिखने के निर्देश दिए. इसके साथ ही शीतला माता मंदिर के कुआं, हैंडपंप एवं घरों के पानी की गुणवत्ता की जांच में पानी पीने योग्य पाया गया. निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य धर्मेन्द्र खटीक, उपायुक्त एस एस बघेल, सहायक यंत्री संजय तिवारी, संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष रिशांक तिवारी सहित नगर निगम के सभी अधिकारी उपस्थित थे.

वहीं दूसरी ओर नगर निगम क्षेत्र के कुओं एवं हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता की जांच का कार्य प्रारंभ कर दिया गया, उन्होंने जवाहरगंज भीतर बाजार स्थित शीतला माता मंदिर के पास पहुंचकर समक्ष में पानी की गुणवत्ता की जांच करवाई जिसमें बड़ी मात्रा में अम्लीय गंदे पानी की मात्रा पाई गई. निगमायुक्त ने तत्काल लाल रंग से नागरिकों की जानकारी हेतु लिखवाया कि इस कुएं एवं हैंडपंप का जल पीने योग्य नहीं है इसलिए कोई भी व्यक्ति इसका उपयोग न करे. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस कुएं व हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता सही न हो उस कुएं पर लाल रंग से लिखवाएं. ननि क्षेत्रांर्तगत जलापूर्ति प्रणाली की अनुरक्षण व्यवस्था, पाइपलाइन रिसाव पहचान, पेयजल गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं शिकायत निवारण के साथ ही जलापूर्ति प्रणालियों का उचित अनुरक्षण, जल गुणवत्ता की निगरानी एवं पाइपलाइन रिसाव की समय पर पहचान करने व समय-सीमा में शिकायतों का निराकरण करने हेतु सामान्य प्रशासन शाखा में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है.

### छह माह पूर्व ही 50 लाख से कराई थी कुओं की सफाई

इस वर्ष जून माह में ही जलगंगा संवर्द्धन अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र के कुओं की सफाई कराई जाकर जनप्रतिनिधियों द्वारा समाचार पत्रों में भी समाचार प्रकाशित कराए गए थे. वहीं नगर निगम ने 50 लाख रुपए की लागत से हर वार्ड के 2-2 कुओं को चिन्हित कर सफाई के लिए निविदा निकाली गई थी. जिसमें से एक टेंडर के तहत ही काम हुआ बाकी तीन टेंडर नहीं हो सके थे. श्रीराम चौक और जवाहरगंज वार्ड के कुओं में आसपास के क्षेत्रों का गंदा पानी मिल रहा था.

# हिंदू सम्मेलन के साथ कलश वितरण हुए

नवभारत न्यूज

**खुरई 5 जनवरी. आरएसएस अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मंडल स्तर पर प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन को लेकर संघ द्वारा हिंदू समाज से सहभागिता का आव्हान किया गया है.**

अभियान के अंतर्गत कलश वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कथा वाचक एवं धर्माचार्य विपिन बिहारी शास्त्री द्वारा प्रत्येक मंडल के प्रतिनिधियों को कलश वितरित किए गए. बताया गया कि ये कलश आगामी दिनों में मंडल स्तर पर होने वाले हिंदू सम्मेलन, धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं जनजागरण अभियानों का प्रतीक होंगे. कलश वितरण के माध्यम से प्रत्येक मंडल को संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि शताब्दी वर्ष के आयोजनों को सार्थक रूप दिया जा सके.



इस अवसर पर विपिन बिहारी शास्त्री ने कहा कि आरएसएस का शताब्दी वर्ष केवल एक संगठन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का अवसर है. प्रत्येक मंडल और प्रत्येक परिवार की सहभागिता से ही यह अभियान सफल होगा. कार्यक्रम में उपस्थित संघ पदाधिकारियों ने बताया कि मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रभक्ति एवं पारंपरिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है. इन सम्मेलनों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर जोड़ने का प्रयास किया जाएगा. कलश वितरण कार्यक्रम में संघ स्वयंसेवक, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक कार्यकर्ता, धर्मप्रेमी नागरिक, मातृशक्ति एवं युवा वर्ग की उल्लेखनीय उपस्थिति रही. कार्यक्रम के दौरान पूरे वातावरण में अनुशासन, श्रद्धा और उत्साह का भाव देखने को मिला.

## एक नजर में




### हिंदू सम्मेलन के बाद निकली अक्षत कलश यात्रा

**रहली.** हिंदू सम्मेलन एवं अक्षत वितरण कार्यक्रम में विभिन्न खंडों से आए लोगों को पूजित अक्षत कलशों का वितरण किया गया एवं कलश यात्रा भी निकाली गई. समारोह में मुख्य वक्ताप्रांत सह संपर्क प्रमुख उदय एवं विभाग प्रचार प्रमुख दीपक तिवारी उपस्थित रहे. कलश वितरण के पश्चात पूजित अक्षत कलशों के साथ शोभायात्रा निकाली गई. यात्रा का शुभारंभ मानस भवन से जयघोष के साथ हुआ. यह यात्रा गांधी चौक और बस स्टैंड पहुंची. यात्रा का समापन सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में हुआ.



### आरएसएस का बाल पथ संचालन

**सागर.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा बाल पथ संचालन एवं शारीरिक प्रकट कार्यक्रम का आयोजन किया. इस कार्यक्रम में 7 से 14 वर्ष की आयु के कुल 153 बाल स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में हिस्सा लिया. पद्माकर स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में नन्हे स्वयंसेवकों ने सामूहिक समता, दंड संचालन और नियुद्ध (निहत्थे युद्ध की कला) का श्प्रदर्शन किया. पथ संचालन पद्माकर स्कूल से प्रारंभ होकर कटरा, तीन बत्ती और विजय टॉकीज चौराहा होते हुए पुनः विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ. मुख्य अतिथि एड. अभिजीत केसरवानी ने छात्र जीवन में संस्कारों की भूमिका पर प्रकाश डाला.मुख्य वक्ता बिंदेश प्रजापति जिला कार्यवाह ने धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए चार साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण कराया.



### सनराइजर्स मेडिक्स ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**सागर.** आईएमए सागर द्वारा आयोजित वार्षिक क्रिकेट प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में सनराइजर्स मेडिक्स और डीएच डेयरडेविल्स के बीच कड़ा मुकाबला हुआ. सनराइजर्स मेडिक्स ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि डीएच डेयरडेविल्स को रनर-अप रहकर संतोष करना पड़ा. इन मैचों की विशेषता ये रही की हार टीम में एक महिला खिलाड़ी होना ज़रूरी था और उसके द्वारा एक ओवर बैटिंग और एक ओवर बॉलिंग अनिवार्य था. समापन समारोह में आईएमए सागर के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने कहा हम डॉक्टर दूसरों की सेहत सुधारने में अपना पूरा जीवन लगा देते हैं, लंबे-लंबे घंटे अस्पताल में बिताते हैं, लेकिन अक्सर अपनी सेहत और व्यायाम की अनदेखी कर बैठते हैं. नियमित व्यायाम और संतुलित आहार हमारे लिए भी उतना ही जरूरी है जितना हम अपने मरीजों को सलाह देते हैं.



### कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित

**ललितपुर.** जिले में इन दिनों भीषण ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है. सुबह और रात के समय घना कोहरा व ठंडी हवाओं के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है. ठंड के चलते आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है. ठिठुरन भरी ठंड से सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, बच्चों और दिहाड़ी मजदूरों को हो रही है, सुबह-सुबह काम पर निकलने वाले लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है. कई ग्रामीण इलाकों में लोग देर तक घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं. ठंड का असर बाजारों पर भी साफ दिखाई दे रहा है. सुबह के समय बाजार देर से खुल रहे हैं और ग्राहकों की संख्या भी कम नजर आ रही है.

# स्थाई मार्केट निर्माण कराया जाए



नवभारत न्यूज

**सागर 5 जनवरी. महापौर श्रीमति संगीता सुशील तिवारी को तिब्बती गर्म कपड़ा व्यापारी संघ ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि उनके लिए स्थायी तिब्बती मार्केट का निर्माण किया जाए.**

ज्ञापन में लेख किया गया है कि तिब्बती जो लगभग 47 वर्षों से चार माह तक सागर में गर्म कपड़ा व्यापार करने प्रतिवर्ष आ रहे हैं. पिछले दिनों आयोजित एक समारोह में आश्वासन दिया था कि एमआईसी की बैठक में इस पर शीघ्र निर्णय लिया जाकर तिब्बतियों को स्थायी मार्केट निर्माण कराया जाएगा ताकि वे शान्ति, सहिष्णुता के साथ निर्वाध रूप से ठंड में गरम कपड़ों का व्यवसाय कर सकें.

# अस्पताल में शुद्ध पानी ही उपलब्ध कराया जाएगा

नवभारत न्यूज

**सागर 5 जनवरी.सरकारी अस्पतालों में मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश जारी किए हैं.**

क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, सागर संभाग की डॉ. नीना गिडियन ने बताया कि सभी शासकीय अस्पतालों और चिकित्सा महाविद्यालयों में पानी की टंकियों की नियमित सफाई और निगरानी अनिवार्य की गई है. डॉ. गिडियन ने बताया कि अस्पताल परिसरों में जल संग्रहण के लिए उपयोग होने वाली सभी टंकियों को ढककर रखना होगा और प्रत्येक माह उनकी साफ-सफाई की जाएगी, इसके लिए चेकलिस्ट तैयार कर पेयजल की मासिक समीक्षा की जाएगी, मरीजों और उनके परिजनों को केवल आरओ वॉटर या शुद्ध क्लोरीनेटेड पानी ही उपलब्ध कराया जाएगा. भर्ती मरीजों को दिए जाने वाले भोजन में भी साफ और सुरक्षित पानी का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा.अस्पतालों में उपलब्ध पेयजल का तापमान सामान्य होना चाहिए और पानी की टंकियों में प्रतिदिन ताजा पानी भरा जाना अनिवार्य रहेगा.

डॉ. गिडियन के अनुसार सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों और अस्पतालों में पानी की टंकियों की सफाई के लिए 5 जनवरी और 20 जनवरी को विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा. इस दौरान की गई कार्यवाही के फोटो राज्य स्तर पर भेजे जाएंगे. उन्होंने बताया कि इन निर्देशों के पालन को लेकर सागर संभाग के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों और सिविल सर्जनों को पत्र जारी कर दिया गया है. रिपोर्ट संचालनालय और क्षेत्रीय कार्यालय को भेजना अनिवार्य होगा.

# गढ़पहरा किला में होगी 20 को जिपं की बैठक

**सागर.** जिला पंचायत सागर की साधारण सभा की बैठक जिपं अध्यक्ष के निर्देशानुसार 20 जनवरी मंगलवार को दोपहर 2 बजे से ऐतिहासिक धरोहर गढ़पहरा किला में आयोजित की जाएगी. बैठक में पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन, वीवी-जी राम जी (मनरेगा) के दिशा-निर्देशों पर चर्चा, स्वास्थ्य विभाग एवं पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा, सर्व शिक्षा/शिक्षा विभाग अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी.

# परमात्मा परम शक्ति के जो दर्शन कराए वह सतगुरु

नवभारत न्यूज

**बीना 5 जनवरी. निरंकारी मिशन ब्रांच बीना की ओर से आध्यात्मिक सत्संग समारोह का आयोजन माँ शारदा दरबार के सामने मंडी बामोरा में किया.**



सत्संग समारोह की अध्यक्षता करते हुए हरियाणा के फरीदाबाद से आए निरंकारी मिशन के ज्ञान प्रचारक संत महेश चंद्र गुरु ने कहा कि सतगुरु को ही सर्वश्रेष्ठ बताया है की जो अपने ज्ञान के प्रकाश से अज्ञान को दूर करते हुए इस परमपिता परमात्मा परम शक्ति के दर्शन करा दें वह सतगुरु है. उन्होंने कहा कि जो आपके लिए मांगा है यह सब हमारे बड़े बुजुर्गों ने नये साल के लिए नहीं बल्कि शुरू से ही हमेशा से मांगा है कि भला करो सबका प्रभु, सबका सब विधि हो कल्याण. संत श्री ने कहा कि अब हम मुबारक की बात करते हैं कि होली, दीपावली की मुबारकबाद दी जाती है तो सही मायने में मुबारकबाद देने का अधिकार उसे है जो गिरते हुए को उठाएं.

ब्रांच मीडिया प्रभारी श्रवण नाहर ने बताया कि सत्संग समारोह में महात्मा राजेंद्र पाल ने विचार और महात्मा संजय नागर एवं दयाराम ने आध्यात्मिक गीत प्रस्तुत किया. इस अवसर पर अर्जुन सिंह नाहर, सरपंच दामोदर राय, यूके नाहर, केपी चौहान, राजू निरंकारी, रमेश निरंकारी, बिहारी लाल, वसंत निकारी, भीकम सिंह, घनश्याम पटेल, राजाराम, दिलीप मौजूद थे.

# कच्ची शराब पकड़ी गई

**शाहगढ़.** शाहगढ़ नगर के वार्ड क्रमांक 15 में कंजर समाज के लोगों द्वारा बनाई जा रही शराब की भरी खेप शाहगढ़ पुलिस ने नष्ट कराई है. जिसकी मात्रा लगभग 15 लीटर के 250 डिब्बों में लहान और सड़ी कीड़े पड़े हुए शराब को जप्त किया गया है. थाना प्रभारी संदीप खरे ने बताया कि कई दिनों से शाहगढ़ के वार्ड नंबर 15 से खबर मिल रही थी कि यहां अवैध शराब बनाई एवं बेची जा रही है एवं इसके कारण अपराध भी बढ़ते हैं इसलिए भारी मात्रा में शराब पकड़ी और नष्ट की. उन्होंने बताया कि समय-समय पर दबिश देकर ऐसे लोगों पर कारवाही की जाती है.

# जरूरतमंदों को कंबल वितरित




नवभारत न्यूज

**सागर 5 जनवरी. मकरोनिया स्थित महिला जैन मिलन शाखा क्रमांक 10 अंकुर कॉलोनी के तत्वावधान में गरीब एवं असहाय बच्चों तथा बुजुर्गों को ठंड से राहत पहुंचाने हेतु कंबल वितरित किए.**

इस सेवा अभियान के अंतर्गत कटवा पुल, दादा दरबार, शनि मंदिर एवं पीली कोठी सहित विभिन्न स्थानों पर जाकर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए. इस दौरान शाखा अध्यक्ष धृति जैन, रश्मि जैन, आकांक्षा जैन, नेहा जैन, नीलम जैन , सुनीता रंधेलिया, राशि जैन, हेमलता जैन, अर्चना जैन, प्रतिभा जैन, शालिनी जैन, अनीता जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.




# अच्छे समाज का निर्माण धर्म पथ पर चलने होता

नवभारत न्यूज

**सागर 5 जनवरी. अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के तत्वाधान में कुशवाहा समाज का सम्मान समारोह का आयोजन झिरिया माता मंदिर प्रांगण में हुआ.**

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संत केशव गिरी महाराज ने कहा कि धर्मपथ पर चलने से अच्छे समाज का निर्माण होता है इसलिए धर्म का मार्ग कभी ना छोड़े उन्होंने कुशवाहा समाज के आराध्य देव लवकुश भगवान का पूजन किया. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिपं अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, विधायक शैलेंद्र जैन, प्रदीप लारिया एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने नववर्ष पर शुभकामनाएं दी. संचालन एड. अर्जुन पटेल, आभार कुशावाहा महासभा अध्यक्ष पीडी पटेल ने माना. कार्यक्रम में एड. जितेंद्र सिंह ठाकुर, निकेश गुप्ता, जगन्नाथ गुरैया, विक्रम सोनी, शैलेंद्र श्रीवास्तव, संतोष पटेल, हरिओम केसरवानी, विमल यादव, डॉ अंकलेश्वर दुबे, डॉ उमाशंकर पटेल आदि मौजूद थे.



# स्वर्णिमा तोमर ने राइफल शूटिंग में किया क्वालिफाई

**सागर.** निशानेबाज स्वर्णिमा तोमर ने राइफल शूटिंग की यूथ कैटेगरी में नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर इंडिया टीम ग्रुप में स्थान बनाया है. अब वह शीघ्र ही राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जा रही हैं. स्वर्णिमा कक्षा 10वीं की छात्रा हैं. वर्तमान में डॉ. मो. ऐजाज खान के मार्गदर्शन में राइफल शूटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं. स्वर्णिमा के पिता जितेन्द्र सिंह तोमर, भारतीय प्रादेशिक सेना की 108 इन्फैन्ट्री बटालियन (टीए) महार से सेवानिवृत्त हैं, जबकि उनकी माता मोनिका तोमर शिक्षिका हैं.

# आत्मविश्वास ही आत्मरक्षा का बेहतर कवच

## गर्ल्स कॉलेज के फिजिक्स डिपार्टमेंट में छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 5 जनवरी. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविधालय के भौतिकशास्त्र विभाग द्वारा दैनिक जीवन में आत्मरक्षा टूल एवं तकनीक विषय पर कार्यशाला का शुभारंभ हुआ.**

उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने कार्यशाला के विषय के महत्व को समझाया. छः दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य कार्यशाला की संयोजिका भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा खटीक ने प्रस्तुत की. विशिष्ट अतिथि डॉ. शक्ति जैन कुलसचिव रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय ने महिला सशक्तिकरण एवं सजगता जागरूकता पर जोर दिया.




विशिष्ट अतिथि डॉ. नीरज दुबे अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा सागर संभाग ने ऐसे कार्यक्रमों को सागर संभाग के 62 शासकीय तथा 128 गैर शासकीय महाविद्यालयों में भी करवाने की घोषणा की. मुख्य अतिथि विधायक शैलेन्द्र जैन ने बताया कि आत्मविश्वास ही आत्मरक्षा का सबसे वेहतर कवच है, उन्होंने ऐसे आयोजन के महत्व और इसकी सम सामायिकता पर जोर दिया. विशिष्ट अतिथि एएससपी लोकेश सिन्हा ने आत्मरक्षा की आवश्यकता को विस्तार से समझाते हुए छात्राओं से संवाद किया. जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती मनीषा मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किए. मुख्य वक्ता एजाज खान ने आन्तरिक एंव वाह्य कारकों से आत्मरक्षा के उपायों कारणों एवं निदानों पर विचार रखें. संचालन डॉ. आशुतोष शर्मा ने किया. आभार डॉ. दीपा खटीक ने माना.

**शपथ ग्रहण** | **अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन गोलापूर्व महासभा की नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह**

# किसी भी सामाजिक संगठन के लिए संख्या नहीं गुणवत्ता की जरूरत

नवभारत न्यूज

**सागर 5 जनवरी. अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन गोलापूर्व महासभा की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह वर्णी वाचनालय सभागार में संपन्न हुआ.**



अध्यक्षता नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष जैन बैटरी ने की. पूर्व अध्यक्ष द्वय संतोष जैन घड़ी, ऋषभ चंदेरिया कोतमा, पंडित नरेंद्र जैन टीकमगढ, महेन्द्र जैन बडागांव, डॉ. शर्चीद्र मोदी तेंदूखेड़ा, सुभाष चौधरी, देवेन्द्र जैन लुहारी, प्रेमचंद जैन बमनौरा, प्रकाश चंद जैन, चक्रेश शास्त्री भोपाल मंचासीन रहे. मंगलाचरण जिनेश जैन बहरोल और चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन के बाद महासभा की नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियो और दस समितियो के संयोजको को शपथ दिलाई गई.

संचालन डॉक्टर अरविंद जैन ने किया. नवनियुक्त महामंत्री श्रेयांश जैन ने बताया कि कार्यकारिणी मे 90 सदस्यो को शामिल किया गया है, जिसमे दस समितियो मे संयोजक के साथ सदस्य रखे गए है. आभार महेन्द्र जैन बहरोल ने माना. नवनियुक्त अध्यक्ष संतोष जैन बैटरी ने कहा कि पूर्व के अध्यक्षो ने महासभा को गौरवपूर्ण स्थान देश मे दिलाया है. डॉ. नरेंद्र जैन ने कहा कि किसी भी सामाजिक संगठन के लिए संख्या की नही गुणवत्ता की जरूरत होती है जो कि महासभा मे है, महासभा का स्वर्णिम इतिहास है, आगे बढ़ने के लिए शोध की आवश्यकता है. पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषभ चंदेरिया ने कहा कि महासभा के सौ वर्ष से अधिक के इतिहास मे त्रैमासिक पत्रिका का भी महत्वपूर्ण योगदान है, जो कि निरंतर ऑफलाइन निकलना चाहिए. डॉ. शचीन्द्र मोदी ने वर्णी चिकित्सा निधि में साधर्मी बंधुओ को जोड़ने की बात कही. डॉ. अखिलेश जैन ने शास्वत तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर मे पहाड़ पर चढने वाले तीर्थयात्रियो के लिए स्वास्थ्य संबंधी सुविधाए उपलब्ध कराने पर जोर दिया. सुजश जैन मारोरा ने विभिन्न देशो में एनआरआई निवासरत साधर्मी जोड़ने पर जोर दिया. समारोह में अभय जैन छिंदवाड़ा, विजय जैन बाबाजी, विनोद जैन कोतमा, आलोक जैन बरायठा, पारस जैन दमोह, डॉ.सुनील जैन संचय ललितपुर, सुरेंद्र जैन भगवा,राजेश जैन रागी मौजूद रहे.

# डॉ तेजस्व को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**ललितपुर.** स्विट्जरलैंड की यूनिवर्सिटी डंस्टर बिजनेस स्कूल ने ललितपुर निवासी डॉ. तेजस्व श्रीवास्तव फिजियोथैरेपिस्ट को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया है. आयोजित एक ऑनलाइन जूम दीक्षांत समारोह के माध्यम से सम्मानित किया गया. इस समारोह में विश्व के 10 देशों से विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को मानद उपाधिया दी गई भारत से इस सम्मान के लिए डॉ.तेजस्व भी नामांकित थे. डॉ. तेजस्व श्रीवास्तव ने फिजियोथेरेपी चिकित्सा की शुरुआत की थी

